पाँच साल से छोटे बच्चों को क्षय रोग के संपर्क में आने के बाद स्वस्थ रखना:

माता-पिता को क्या जानकारी होनी चाहिए

क्षय रोग या तपेदिक (टीबी, TB) हवा के द्वारा फैलता है। यदि आप टीबी से ग्रस्त किसी व्यक्ति के साथ समय व्यतीत करते हैं, तो आप टीबी फैलाने वाले रोगाणुओं को सांस द्वारा अंदर ले सकते हैं। यदि कोई पाँच साल से छोटा बच्चा टीबी के रोगाणुओं को सांस के साथ अंदर लेता है, तो वह बहुत जल्दी बीमार पड़ सकता है।

खांसी या 2-3 हफ़्ते तक बुखार रहना



बीमार, कमज़ोर या थकान महसूस करना

सामान्य से कम चंचल होना



अच्छी तरह से खाना ना खाना या स्तनपान ना करना

वज़न कम होना या वज़न ना बढ़ना

मैं अपने बच्चे को स्वस्थ कैसे रख सकती/सकता हूँ?

यदि आपको पता चलता है कि आपका बच्चा किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आया है जिसे टीबी है, तो अपने स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें, जिससे आपके बच्चे को ज़रूरत के अनुसार देखभाल मिल सके। जांच और उपचार आपके बच्चे को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं।

आपके बच्चे को किसी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से मिलना चाहिए ताकि उसकी शारीरिक जांच, छाती का एक्सरे, और टीबी की त्वचा द्वारा या खून द्वारा जांच की जा सके। आपके बच्चे की जांच नेगेटिव आने के बाद भी डॉक्टर उसके लिए दवा की सिफारिश कर सकते हैं।

यदि मेरे बच्चे की टीबी जांच नेगेटिव आती है तो उसके लिए दवा क्यों बताई जाती है?

यदि आपके बच्चे का संपर्क टीबी रोगाणु से हुआ है, तो उसकी नेगेटिव जांच को पॉजिटिव होने में दो महीने तक लग सकते हैं। यह ज़रूरी है कि आप अपने बच्चे के शरीर को यह प्रकट करने का समय दें कि उन्होंने सांस द्वारा टीबी रोगाणुओं को अपने अंदर लिया है या नहीं। यदि उसकी पहली टीबी जांच नेगेटिव आती है तो अगले कुछ हफ़्तों में उसे दूसरी टीबी जांच की ज़रूरत पड़ सकती है।

ऐसी दवाएं उपलब्ध हैं जो दूसरी जांच का इंतज़ार करने के दौरान छोटे बच्चों की सुरक्षा करती हैं। इस उपचार को Window Preventive Treatment यानी प्रतीक्षा अवधि के दौरान निवारक उपचार कहा जाता है। पाँच साल से छोटे बच्चे टीबी से बहुत जल्दी बीमार पड़ सकते हैं, इसलिए इस प्रतीक्षा अवधि के दौरान उनकी पहले से सुरक्षा करना बहुत ज़रूरी है।

टीबी Window Preventive Treatment लेने के दौरान मेरा बच्चा कैसा महसूस करेगा?

ज़्यादातर बच्चे टीबी की दवाई को बहुत अच्छी तरह झेल लेते हैं। यदि बच्चे में कुछ ऐसे लक्षण दिख रहे हैं जिनसे आपको चिंता हो रही है, तो कृपया अपने बच्चे के डॉक्टर को बताएं।

दूसरी टीबी जांच के बाद क्या होगा?

दूसरी जांच के बाद, आपके बच्चे के डॉक्टर यह निर्धारित करेंगे कि उसे दवा जारी रखने की ज़रूरत है या नहीं।

COMMONWEALTH OF MASSACHUSETTS DEPARTMENT OF PUBLIC HEALTH